>

Title: Regarding treatment of Duchenne muscular Dystrophy.

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रखना चाह रहा हूं । …(व्यवधान) एक रोग है ड्यूकेनेन मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी, यह ऐसी बीमारी है, जिसमें लगभग दस साल तक बच्चा स्वस्थ रहता है । …(व्यवधान) उसके बाद उस बच्चे के अंग सिकुड़ने लग जाते हैं । …(व्यवधान) 20 साल की उम्र में जाकर वह बच्चा पूरी तरह चारपाई पकड़ लेता है । …(व्यवधान) कोई भी रोगी 25 साल से ज़्यादा उम्र नहीं जी पाता है । …(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, भारत में इस बीमारी के इलाज के लिए एक संस्था है - इंडियन एसोसिएशन फॉर दि कल्टीवेशन ऑफ साइंस, जादवपुर । यह संस्था एक मात्र संस्था है, जो इस बीमारी पर काम कर रही है । …(व्यवधान) इस बीमारी पर अमेरिका में दो से तीन करोड़ यूएस डॉलर खर्च हो जाता है । …(व्यवधान) हमारी यह संस्था इस पर काम कर रही है । …(व्यवधान)

मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि इस प्रकार के रोगियों को बचाने के लिए भारत सरकार इस संस्था को उसके रिसर्च अनुसंधान के काम में मदद करे, ताकि इस प्रकार के रोगियों को लाभ मिल सके । …(व्यवधान) मैं आशा करूंगा कि भारत सरकार इस विषय पर ध्यान देगी । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ. किरिट पी. सोलंकी एवं श्री नारणभाई काछड़िया को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आइटम नंबर 14 रह गया था - श्री नित्यानन्द राय ।

**12.16 hrs**

# ELECTION TO COMMITTEE

## Committee on Official Language